## महत्वपूर्ण एवं खास

### किशोरी ने आत्महत्या की

कोरबा 3 नवम्बर (आरएनएस)। उरगा थाना अंतर्गत ग्राम कनबेरी निवासी सुरेंद्र कंवर की 17 वर्षीय पुत्री पूजा कंवर ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। जहां मर्ग कायम कर आगे की जांच.पड़ताल शुरू की गई। किशोरी ने किस कारण से आत्महत्या की है इसका पता नहीं चला है।

### स्टूडियों के सामने खड़ी मोटर सायकल की चोरी

रायपुर, (आरएनएस)। फोटो स्टूडियो के सामने खड़ी मोटरसायकल सिविल लाईन से किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध क्रमांक 679/18 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार अमीत सिकदार 26वर्ष पिता भावेश सिकदार देवबलौदा चरौदा निवासी अपनी होण्डा एचएफ डीलक्स सीजी 07-बीएन/3055स्नेप स्टर फोटो स्टूडियो के सिविल लाईन सामने से खड़ी किया था। अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### तेज रफ्तार बुलेट की ठोकर से एक्टीवा में सवार दो बच्चो घायल

रायपुर,(आरएनएस)। शास्त्री बाजार के पास बुलेट चालक ने एक्टीवा सवार को टक्कर मार दिया जिससे एक्टीवा में सवार दो बच्चे घायल हो गये। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने बुलेट चालक के खिलाफ अपराध कायम कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार अजय राय 44वर्ष अपने दो बच्चों को एक्टीवा में बैठा कर शास्त्री बाजार गये थे तभी तेज रफ्तार बुलेट सीजी 04-एलवी/2494 चालक ने एक्टीवा सीजी 04-एलएफ/2998 को ठोकर मार दिया। जिसमें एक्टीवा में सवार दो बच्चे अनिकेत 11वर्ष व स्लोक राय 6 वर्ष घायल हो गये। घटना कि रिपोर्ट गोल बाजार थाने में प्रार्थी ने दर्ज कराया है। पुलिस ने बुलेट चालक के खिलाफ धारा 279,337 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### धान लदी ट्रेक्टर जलकर स्वाहा

जगदलपुर, (आरएनएस)। जिले के नंदपुरा गांव में धान से लदी ट्रेक्टर में आग लग जाने से समूची फसल जल कर स्वाहा हो गई। आगजनी से हजारों रूपए की क्षति का आंकलन किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बस्तर ब्लॉक के ग्राम नंदपुरा निवासी किसान महेश कुमार अपने खेत से काटी हुई धान ट्रेक्टर में लाद कर घर ले जाने की तैयारी कर रहा था। इसी दौरान फसल से भरी ट्रेक्टर बिजली के खुले तार से टकरा गई और सार्ट-सर्किट की वजह से आग लग गई। पलक झपकते ही ट्रेक्टर में लदी समूची धान की फसल राख के ढेर में तब्दील हो गई। हादसे में लगभग 50 हजार रूपये से अधिक की क्षति का आंकलन किया गया है।

### सांध्यदैनिकों के लिए (रायपुर) भाजपा का घोषणा पत्र अब दिवाली के बाद होगा जारी

रायपुर, (आरएनएस)। विधानसभा चुनाव को लेकर कल रविवार को जारी होने वाला प्रदेश भाजपा का घोषणा पत्र अब दिपावली त्यौहार के बाद किया जाएगा।

भाजपा पदाधिकारियों ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा का घोषणा पत्र जो कल 4 नवंबर को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह द्वारा जारी किया जाना था वह दिपावली त्यौहार के चलते स्थगित कर दिया गया है। अब घोषणा पत्र त्यौहार के बाद किया जाएगा।

### एचटीपीपी के कर्मियों ने मतदान की शपथ ली

कोरबा (आरएनएस)। हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम के अफसर व कर्मचारियों को मुख्य अभियंता राजेश वर्मा ने विधानसभा चुनाव में मतदान करने की शपथ दिलाई। यह कार्यक्रम उप.जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर आयोजित किया गया। जूनियर क्लब में अधिकारियों व कर्मचारियों ने शपथ ग्रहण किया।

## बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती का रायपुर आगमन आज

### अकलतरा और अम्बिकापुर में सभाओ को सम्भोधित करेंगी कल



रायपुर , (आरएनएस)। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर आज शाम रायपुर पहुँच रही है.।मायवती विशेष विमान से दिल्ली से रवाना होकर शाम 4.30 बजे रायपुर एयरपोर्ट पहुँचेगी। एयरपोर्ट से फिर लभांडी स्थित होटल के लिए रवाना हो जाएंगी। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए मायावती का ये दूसरा दौरा है। इससे पहले मायवती 13 अक्टूबर को बिलासपुर में अजीत जोगी के साथ चुनावी रैली को संबोधित कर चुकी हैं

आज रात बसपा-जनता कांग्रेस गठबंधन की बैठक मायावती लेंगी. इस दौरान बसपा के छत्तीसगढ़ के सभी प्रभारियों के साथ जेसीसीजे अध्यक्ष अजीत जोगी भी उनके साथ पार्टी बैठक में शामिल होंगे।बैठक में मायावती अब तक की चुनावी गतिविधियों की समीक्षा करने के साथ कुछ विशेष सीटों पर रणनीति बनाएंगी।

मायावती रविवार को दो चुनावी सभा को संबोधित करेंगी. इसमें पहली सभा वो जांजगीर जिले के अकलतरा में करेंगी. अकलतरा में 12 बजे मायावती और अजीत जोगी सभा को संबोधित करेंगी. यहां मायावती बसपा प्रत्याशी और अजीत जोगी की बहू ऋचा जोगी के साथ जांजगीर जिले के प्रत्याशियों के लिए वोट मागेंगी. अकलतरा के बाद दूसरी चुनावी सभा वो सरगुजा जिला मुख्यालय अंबिकापुर में करेंगी. अबिंकापुर में बसपा प्रत्याशी सीताराम मानिकपुरी के साथ संभाग के अन्य प्रत्याशियों के लिए प्रचार करेंगी।

## कोरबा जिले में धान खरीदी शुरू




कोरबा (आरएनएस)। जिले के 27 सहकारी समितियों में धान खरीदी शुरू हो गई है। इसके लिए 41 केन्द्र बनाए गए हैं। पहले दिन टोकन जारी नहीं होने के कारण कोई भी किसान धान लेकर किसी भी केंद्र पर नहीं पहुंचा। शुक्रवार को कटघोरा समिति में एक किसान ने 18 चिंटल धान बेचने के लिए टोकन लिया है। इसी तरह सुखरीकला समिति के उमरेली केन्द्र में 8 चिंटल धान बेचने के लिए एक किसान ने टोकन कटवाया है। समितियों का कहना है कि धान खरीदी की रफ्तार दीपावली के बाद ही बढ़ेगी। राज्य शासन ने इस साल 15 दिन पहले धान खरीदी शुरू करने का निर्णय लिया था। पहले 15 नवंबर से धान खरीदी की शुरुआत होती थी।

## दूसरे चरण चुनाव के लिए कांग्रेस के स्टार प्रचारकों की सूची जारी

रायपुर,(आरएनएस)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राहुल गांधी, यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं वरिष्ठ नेता मोतीलाल वोरा, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव अशोक गहलोत, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव गुलामनबी आजाद, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव मल्लिकार्जुन खडगे, छत्तीसगढ़ प्रभारी पी.एल. पुनिया, लोकसभा सांसद एवं एआईसीसी के पिछड़ा वर्ग विभाग के अध्यक्ष ताम्रध्वज साहू, पूर्व केन्द्रीय मंत्री आनंद शर्मा, पूर्व केन्द्रीय मंत्री एम. वीरप्पा मोईली, पंजाब मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह, यूपी कांग्रेस अध्यक्ष राज बब्बर, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के बिहार प्रभारी शक्तिसिंह गोहिल, एआईसीसी संचार विभाग के अध्यक्ष रणदीप सिंह सुरजेवाला, पंजाब मंत्री नवजोत सिंह सिद्धू, पूर्व केन्द्रीय मंत्री कु. शैलजा, एआईसीसी के पंजाब प्रभारी आशा कुमारी, एआईसीसी के विदेश मामलों के उपाध्यक्ष भूवनेश्वर कलिता, पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, यूपी पूर्व मंत्री प्रमोद तिवारी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्रीप्रकाश जायसवाल, पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह, पूर्व सांसद करूणा शुक्ला, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भूपेश बघेल, कांग्रेस विधायक दल के नेता टी.एस. सिंहदेव, चुनाव समिति के अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, छत्तीसगढ़ प्रभारी डॉ. चंदन यादव, छत्तीसगढ़ प्रभारी डॉ. अरूण यादव, छत्तीसगढ़ सह-समन्वयक हरनाम सिंह, पूर्व विधायक महंत

## छत्तीसगढ़ ट्रेकिंग ऑफ पोलिंग प्रोसेस एप के माध्यम से मिलेगी पल-पल की जानकारी




रायपुर, (आरएनएस)। कलेक्टोरेट के स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सेक्टर अधिकारी, नोडल अधिकारी और जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर को छत्तीसगढ़ ट्रेकिंग ऑफ पोलिंग प्रोसेस एप के बारे में जानकारी दी गई। इस एप को पीठासीन अधिकारी, रूट अधिकारी और सेक्टर अधिकारी मोबाइल में डाउनलोड करेंगे। इस एप के माध्यम से मतदान दलों की रवानगी से लेकर मतदान केंद्रों तक पहुंचने की जानकारी आरओ और नोडल अधिकारी को प्राप्त हो सकेगी। इसी तरह पीठासीन अधिकारी भी इस एप के माध्यम से मतदान केंद्र के संदर्भ में जानकारी उपलब्ध करा सकेंगे।

### तेज रफ्तार बाइक सवार दो युवक रेलवे ट्रेक पर गिरे, एक की मौत, दूसरा घायल

भिलाई, (आरएनएस)। भिलाई शहर के नेहरू नगर स्थित रेलवे फाटक के पास बीती रात तेज रफ्तार बाइक चला रहे दो बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर गिर गए। इस घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई तो वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल है। घायल युवक को डायल 112 की मदद से अस्पताल दाखिल किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हादसे का कारण तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाना बताया जा रहा है। बहरहाल पुलिस ने मृतक युवक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मृतक युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

### सांध्यदैनिकों के लिए (रायपुर) कम्बाईण्ड डिफेन्स सर्विस परीक्षा 18 को



रायपुर,(आरएनएस)। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित कम्बाईण्ड डिफेन्स सर्विस परीक्षा 18 नवम्बर को आयोजित की गई है। परीक्षा तीन पालियों में प्रथम पाली सुबह 9 बजे से पूर्वान्ह 11 बजे तक, द्वितीय पाली दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक एवं तृतीत पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित 4 परीक्षा केन्द्रों में संचालित होगी। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर मती पूनम शर्मा को नोडल अधिकारी तथा सहायक परियोजना अधिकारी के.एस. पटले को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## राइस मिल मालिक फिर भी करोड़पति नहीं



बिलासपुर, (आरएनएस)। कोटा से भाजपा के टिकट पर दावेदारी कर रहे काशी साहू चावल व्यवसायी के रूप में जाने जाते हैं। राइस मिल,गोदाम आदि सभी कुछ है फिर भी करोड़पति नहीं है। अमने में पुस्तैनी जमीन भी इन्हें मिली है। पत्नी के नाम पर साढ़े छह लाख रुपये का लोन भी है।

कोटा विधानसभा से दूसरी बार काशी साहू अपना भाग्य आजमा रहे हैं। मूलतः कोटा से लगे ग्राम अमने के स्थानीय निवासी हैं। उन्हें अपने इस गांव से

2.101 हैक्टेयर जमीन पुस्तैनी मिली है। जिस पर खेती करते हैं। जमीन की कीमत उन्होंने 28.54 लाख रुपये बताई है। कोटा में 2184 वर्गफीट आवासीय

प्लाट पत्नी के नाम पर है। इसकी कीमत 19.90 लाख रुपये है। व्यवसाय की बात करें तो मुखी राइस मिल कोटा में इनकी हिस्सेदारी है। उन्होंने यहां पांच

लाख 60 हजार रुपये निवेश किया था। इसके अलावा कोटा के पास ग्राम चंगोरी में वाणिज्यिक भवन गोदाम है। 4200 वर्गफीट में बने इस गोदाम में काशी एक तिहाई के हिस्सेदार हैं। इस गोदाम में उनके पास और भी पार्टनर हैं। जमीन भी उनकी नहीं है। यह लीज पर ली गई है। गहने का इन्हें विशेष शौक नहीं है। खुद के पास 50 ग्राम और पत्नी के नाम पर 100 ग्राम सोना है। दोनों मिलाकर कीमत चार लाख 80 हजार रुपये होती है। पत्नी के पास एक किलो चांदी के जेवरात हैं। खुद के पास सात लाख और पत्नी के पास छह लाख रुपये नकद है। कर्ज की बात करें तो उनकी देनदारी नहीं है। पत्नी ने जरूर माया राइस

प्रोडक्ट से छह लाख 47 हजार लोन लिया है।

### चाय कंपनी का सेल्समेन 5 लाख रुपये लेकर फरार

#### घूम घूमकर दुकानों से चायपत्ती का आर्डर लेता था

रायपुर, (आरएनएस)। चाय पत्ती की कंपनी का सेल्सकर्मी 5 लाख रुपये लेकर फरार हो गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर सेल्सकर्मी के खिलाफ अपराध कायम कर जांच में पुलिस ने लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार कमलकांत साहु पिता बंशीलाल साहु ग्राम पाहंदा पाटन निवासी अभिषेक ऐजेंसी डे-भवन स्कुल पास कालीबाडी रोड बुढापारा में सेल्समेन के रुप में काम करता है। वह शहर में घूमघूमकर चाय पत्ती बेचने के लिये दुकानों से आर्डर लिया करता था। एक नवंबर को कमलकांत 05लाख रुपये दुकानों से वसूलने के बाद मिली रकम कंपनी में जमा नहीं किया और वह रुपये लेकर भाग गया।

## 'सेक्रेड गेम्स 2' देखने वालों के लिए आई बड़ी खुशखबरी

बॉलीवुड के नवाब एक्टर सैफ अली खान अपनी फिल्म अपनी एक वेब सीरीज़ को लेकर काफी चर्चा में बने हुए हैं. इसी के साथ बता दें, विवादित वेब सीरीज 'सेक्रेड गेम्?स' के



फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है जिसके लिए शायद फैंस इंतज़ार ही कर रहे होंगे. खबरों की मानें, तो सैफ अली खान ने नेटफ्लिक्स की अपनी चर्चित हिंदी वेब सीरीज 'सेक्रेड गेम्स' के दूसरे सीजन की शूटिंग की शूरु कर दी है. पहले कहा जा रहा था वो इसके दूसरे सीजन में नज़र नहीं आएंगे. लेकिन बता दें, इसकी शूटिंग सैफ अली सेंट जेवियर्स कॉलेज मुंबई मे कर रहे हैं जिसमें उनके साथ एक एक्?टर नीरज काबी भी नजर आने वाले हैं.एक रिपोर्ट के अनुसार 'सेक्रेड गेम्?स' के दूसरे सीजन की शूटिंग के दौरान सैफ को एक हाथ मे एक मोटे बैंडेज के साथ देखा गया है. हो सकता है ये सीरीज़ का ही एक हिस्सा हो. साथ ही आपको बता दें इस वेब सीरीज के दूसरे सीज दूसरे सीजन का डायरेक्शन अनुराग कश्यप नीरज घायवान कर रहे हैं. बता दें कि इस सीरीज का पहला सीजन 6 जुलाई 2018 को रिलीज किया गया था

## दीपिका पादुकोण के मंगलसूत्र की कीमत जानकर दंग रह जाएंगे आप



दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह 14-15 नवंबर को शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। दोनों ही स्टार्स अपनी शादी की तैयारियों में बिजी हैं। हाल ही में दीपिका अपने घर बैंगलोर पहुंची थीं। दीपिका के घर में शादी से पहले होने वाली पारंपरिक रस्मों का हिस्सा बनीं थी। शनिवार को दीपिका बैंगलोर से वापस आ चुकी हैं। रिपोर्ट्स रिपोर्ट्स के अनुसार, दीपिका इन दिनों अपनी शादी की शॉपिंग में बिजी हैं और कुछ दिन पहले ही उन्होंने मंगलसूत्र भी खरीदा है। दीपिका के मंगलसूत्र की कीमत काफी ज्यादा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका ने करीब 20 लाख की कीमत का मंगलसूत्र खरीदा है। इसके अलावा दीपिका पादुकोण ने अपने होने वाले पति रणवीर सिंह के लिए भी 200 ग्राम की एक चेन खरीदी है। इसके अलावा दीपिका ने दो नेकलेस की भी खरीदारी की है। दीपिका की ज्वेलरी की कीमत करीब 1 करोड़ रुपए बताई जा रही है। खबरों की मानें को दीपिका ने मुंबई के अंधेरी स्थित एक ज्वेलरी स्टोर से शॉपिंग की है।

एक्ट्रेस की खरीदारी का प्लान पहले से तय था। यही कारण है कि दीपिका के ज्वेलरी खरीदते वक्त शोरुम करीब आधे घंटे के लिए बंद कर दिया गया था।

## उच्च रेडियो विकिरण से कैंसर की आशंका ज्यादा

उच्च स्तर के रेडियो आवृत्ति विकिरण (आरएफआर)-2जी व 3जी सेल फोन के संपर्क में आने से दिल, दिमाग व एड्रिनल ग्रंथि में कैंसर होने का खतरा बढ़ सकता है।



अमेरिका के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ की अगुवाई में नेशनल टॉक्सिकोलॉजी कार्यक्रम (एनटीपी) के तहत यह शोध किया गया है। इसमें चूहों पर अत्यधिक उच्च स्तर के रेडियो आवृत्ति के पूरे शरीर पर प्रभाव का अध्ययन किया गया है।

आरएफआर का उच्च स्तर नर चूहों के दिल (मानव में बहुत ही दुर्लभ), दिमाग व एड्रिनल ग्रंथि में कैंसर पैदा करता है, जबकि मादा चूहों में इस निष्कर्ष को लेकर अस्पष्टता है।एनटीपी के शोधकर्ता जॉन बुचेर ने एक बयान में कहा, हमारे शोध में चूहों पर रेडियो आवृत्ति विकिरण का इस्तेमाल पूरे शरीर पर किया जाता है। ऐसे में शोध में इस्तेमाल किए जाने वाले प्रभावों का सीधे तौर पर सेल फोन इस्तेमाल करने वाले मानव के व्यावहारिक विवरणों से उसकी तुलना नहीं की जा सकती।

## महिला डॉक्टर से कराया इलाज, तो जिएंगे लंबा, रिसर्च में हुआ है साबित



हावड यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने पाया है कि महिला डॉक्टर द्वारा इलाज कराने वाले बुजुर्ग मरीजों के अस्पताल में भर्ती होने के 30 दिन के भीतर मरने की संभावना कम होती है।इतना ही नहीं, अस्पताल से छुट्टी मिलने के 30 दिन के भीतर उन्हें दोबारा अस्पताल में भर्ती करवाने की भी नौबत कम ही आती है। इस शोध के नतीजे JAMA इंटरनल मेडिसिन में ऑनलाइन प्रकाशित किए गए हैं। एनबीटी में छपी खबर के अनुसार शोध के नतीजे बताते हैं कि महिला और पुरुष डॉक्टरों की प्रैक्टिस के तरीकों में अंतर होने की संभावना होती है और इसका रोगी की सेहत पर खासा अहम असर पड़ सकता है। इस शोध का नेतृत्व कर रहे युसुके टी ने बताया, 'मृत्यु-दर के इस अंतर ने हमें हैरान कर दिया। सबसे बीमार मरीजों के लिए उनके डॉक्टर का पुरुष या महिला होना, बहुत अहम साबित हो सकता है।' युसुके मासेचूसिट्स स्थित हावड टी.एस चान स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ में रिसर्च असोसिएट हैं।